# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अप्रेल 2025




नगर पालिक निगम भिलाई

# शकराचार्य कालेज से आई आई टी तक पहुंचने के लिए नागरिको को सुगम चौड़ा मार्ग मिलेगा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के लिए आई आई टी एक बहुत बड़ी सौगात है। जुनवानी पेट्रोल पम्प से आई आई टी पहुंच मार्ग 3 किलो मीटर के लगभग है। जिसके सड़क चैड़ीकरण की विशेष आवश्यकता है। इस कार्य के लिए शासन से 25 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिल चुकी है। रोड़ की चैड़ाई दोनों तरफ 25-25 होगी, जिसमें 5 फिट का डिवाइडर बनाया जाएगा और साथ में 1-1 मीटर पर पाथवे का निर्माण भी किया जाएगा। डिवाइडर पर विद्युत पोल लगाया जाएगा और मार्ग के दोनो तरफ नाली के ऊपर पाथवे का निर्माण होगा। जिसस चलने घूमने टहलने वालों को भी आराम मिलेगा। आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं अभियंता बसंत साहू को लेकर सड़क एवं नहर का सर्वे किए। किस प्रकार रोड का स्वरूप होगा, नहर को से कैसे व्यवस्थित किया जाएगा। जिससे गर्मी के दिनों में तालाब भरने का काम बाधित न हो। इसके लिए बताया गया कि खुर्सीपार केनाल रोड के समान यहां पर भी नहर के ऊपर सड़क बनेगा। नहर के अंदर से पानी निकासी का 4 फिट डाया का पाइप बिछाया जाएगा, उसके उपर से रोड होगा। इससे नहर में होने वाली गंदगी एवं पानी का भी बचत होगा। जुनवानी खम्हरिया रोड बहुत से स्कूलो, कॉलेज, भवनों, हाउसिंग सोसायटीयों का प्रमुख मार्ग है। जैसे- माइल स्टोन स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल, अनुष्ठा रेसिडेंसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जुनवानी खम्हरिया, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज से हजारो लोग गुजरते है। 2 बड़ी बसो के गुजरने पर रास्ता जाम हो जाता है। इंजीनियरिंग कालेज अपने आप में एक बड़ी संस्थान है, जहां सड़क मार्ग बहुत अच्छा होना चाहिए। नगर निगम भिलाई का यह भी प्रयास होगा कि चारो तरफ हरियाली रहें, रास्ते में पडने वाले बड़े वृक्षो को नहीं काटा जाएगा, उसे सिफ्ट किया जाएगा। इसमें जनभागीदारी की भी आवश्यकता है। कुछ क्षेत्रों में अवैध कब्जा करके नाली और सड़क को घेर दिया गया है। ऐसी जगह पर निगम भिलाई शीघ्र कार्रवाई शुरू करेगा।



# न्यायालय के आदेश पर नगर निगम भिलाई की बड़ी कार्रवाई 30 वर्ष पुराना सस्ता मार्केट से हटाए गए अवैध कब्जे

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई ने उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सस्ता मार्केट क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह बेदखली अभियान 03 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे से शुरू किया गया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा WPC No.-1728/2020 में दिए गए निर्देशों के आधार पर, नगर निगम को सस्ता मार्केट क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने का आदेश दिया गया था। इसके तहत पुराने 30 वर्ष से अधिक के कब्जाधारियों पर कार्रवाई करते हुए आज दुकान खाली कराया गया। शुरू में कब्जे धारी द्वारा विरोध किया गया लेकिन न्यायालय के आदेश मजिस्ट्रेट पुलिस बल देखकर के शांत हो गए।

कब्जाधारी के नाम पर भी पूर्व साडा वर्तमान नगर निगम भिलाई के द्वारा दुकान आवंटन किया गया था। अपने आवंटित दुकान पर काबिज थे, लेकिन इसके साथ-साथ दूसरे के नाम से आबंटित स्थल पर कब्जा करके दुकान संचालित कर रहे थे। यह भी देखने में आया कि अवैध कब्जा किए दुकान में कबाड़ सामान भर कर रखे थे, उसके सामने सड़क पर दुकान चला रहे थे। यह दुकान पूर्व साडा से 1994 में क्षेत्रफल 2.5×3.5 गुलाबचंद के नाम पर 3 नबर, अकराज 5, सुरेंद्र 4 के नाम पर आबंटित था।

आज दुर्ग मजिस्ट्रेट वास्तु मित्र दीवान, जोन 2 आयुक्त सतीश यादव, छावनी थाना प्रभारी चेतन सिंह चंद्राकर पुलिस दल के साथ उपस्थित होकर कारवाई करवाएं। कारवाई पश्चात तुरंत मूल आबंटितों को आज जगह नाप कर पजेशन दिया गया। कार्रवाई के दौरान जोन के सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ता, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, तोड़फोड़ दस्ता से , मंगल जांगड़े, राजेंद्र सिंह, विष्णु सोनी, , गौरकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों पर पुलिस करेगी कार्रवाई, अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कोसा नाला पाथवे पर स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए वहां पर दिनांक 2  अप्रैल को 110 बाई 8 का फ्लैक्स लगाया गया था। 3 अप्रैल को देखने में मिला कि अज्ञात चोरों द्वारा पूरे 110×8 फिट का फ्लेक्स को काट कर हटा दिया गया है। इधर उधर देखने पर भी नहीं मिला उस फ्लेक्स में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया जा रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेश पर आज सुपेला पुलिस थाना में जोन 01 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न कुमार तिवारी द्वारा शिकायत लिखित में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। यह भी शिकायत की गई थी कि उद्यानों में लगे फैसिंग वायर, लोहे के ग्रील, बाउंड्रीवाल, नगर निगम के मोटर पंप में लगे केबल वायर को भी चोरों द्वारा काट लिया जा रहा है।

सुपेला थाने के इंचार्ज राजेश मिश्रा को बताया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से हर जगह सुरक्षा गार्डन लगाना संभव नहीं है। पुलिस द्वारा करवाई किया जाना आवश्यक है। इस पर श्री मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वालो के उपर पुलिस शक्ति बरतेगी, ऐसे लोगो के खिलाफ कार्यवाही की जावेगी और जेल भी भेजे जायेगें।





# महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर परिषद ने विभिन्न कार्यो की स्वीकृति प्रदान की

भिलाईनगर। आज नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बिन्दुवार 9 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया था। जिसमें प्रमुख रूप से जोन क्रं. 01 गोकुल नगर क्षेत्रांतर्गत शहर के सभी खटालों को स्थानांतरित करना था। वर्तमान में लगभग 168 खटालें संचालित हो रही है, अन्य खटालों को भी वहां पर व्यवस्थित करना है। इसलिए रोड नाली सौंदर्यीकरण एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का उन्नयन कार्य आदि के लिए प्राक्कलन तैयार कर शासन को राशि 441.76 लाख की स्वीकृति हेतु भेजे जाने के लिए अनुसंशा प्रदान की गई। निगम क्षेत्र में स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में मटेरियल रिकवरी फैस्लिटी के लिए शेड निर्माण कार्य को विस्तृत चर्चा कर समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु सर्व सम्मति से पारित किया गया। जोन क्रं. 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 37 छावनी थाना के सामने लाल मैदान में डोम शेड, पेवर ब्लाक, ट्यूबलर पोल, मंच निर्माण कार्य को विस्तृत जानकारी के साथ पुनः महापौर परिषद में प्रस्तुत करने को कहा गया। विधायक वैशाली नगर द्वारा वैशाली नगर क्षेत्र में 9 अधोसरंचना मद एवं 02 राज्य प्रवर्तित मद के कार्य को स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने एवं स्वीकृति के प्रत्याशा में महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया, चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। फिल्टर प्लांट से निकलने वाले वेस्ट वाटर सिंचाई एवं अन्य कार्यो हेतु उपलब्ध कराने हेतु प्रस्ताव लाया गया था, जिसे विचार के बाद परिषद के सदस्यों द्वारा सराहना किये गये और दिये गये सुझाव के अनुसार पुनः प्रस्ताव बनाकर लाने हेतु कहा गया। जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य हेतु शासन द्वारा 7 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हो गया है। जिसका डी.पी.आर. तैयार कर सामान्य सभा में रखे जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जोन क्रं. 02 वैशाली नगर में क्रिकेट बाक्स, फुटबाल ग्राउण्ड एवं प्रकाश व्यवस्था हेतु कार्य कराये जाने का वैशाली नगर विधायक द्वारा पत्र प्राप्त हुआ है। जिसे अधोसरंचना मद से स्वीकृति हेतु शासन को पत्र प्रेषित करने बाबत। स्वीकृति उपरांत निविदा आमंत्रण की अनुमति हेतु महापौर परिषद के समक्ष विचारार्थ रखा गया था, जिसे परिषद के सदस्यों के विचार विमर्श के बाद स्वीकृति प्रदान की। महापौर परिषद के सदस्य लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती नेहा साहू, मालती ठाकुर आदि उपस्थित रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# सुशासन तिहार 2025 पर विधायक, महापौर एवं आयुक्त ने स्वयं बैठकर आवेदन प्राप्त किए

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं काउंटर पर बैठकर आवेदन प्राप्त कर रहे थे। सर्वप्रथम नागरिको से उनके समस्याओ को सुनकर जो भी तत्काल निराकरण हो सकता था, उसे निराकृत करवाए। अन्य समस्याओ के लिए जानकारी प्राप्त करके संबंधित विभाग को कार्यवाही हेतु निर्देशित किए। विधायक ने नागरिकों को बताया कि सुशासन तिहार का आयोजन सभी नागरिको के लिए है। जिन समस्याओं को लेकर आप हमारे पास, महापौर, आयुक्त या अधिकारियों के पास जाते है, अब कहीं जाने की जरूरत नहीं है। सुशासन तिहार 2025 का उददेश्य ही यही है, जो भी समस्या है, यहां पर दर्ज करवाये। सर्वप्रथम आपके आवेदन का कार्य के अनुरूप परीक्षण किया जाएगा। एक माह के भीतर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। हमारे सरकार का उददेश्य है सबका साथ, सबका विकास, सबका उत्थान।

दिव्यांग नोहर दास बंजारे भाटापारा, कोतवाल मोहल्ला, कुरूद वार्ड क्रं. 21 अपने ब्रेड व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए लोन हेतु आवेदन करने आया था। उसने विधायक को बताया कि हमे 50000 रूपये लोन मिल जाएगा। तो मैं अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ाके अपने बच्चों को पढ़ा सकता हूॅ, मेरा परिवार भी चल जाएगा। मुझे इसकी आवश्यकता है। लोन प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के माध्यम से निराकृत करवाया गया। शीघ्र ही उसे लोन मिल जाएगा।

सुशासन तिहार के अंतर्गत अभी तक नगर निगम भिलाई के 10 शिविरों में कुल 345 आवेदन प्राप्त हुए है। मुख्य कार्यालय परिसर में 75 आवेदन, जोन.1 नेहरू नगर पानी टंकी में 52 आवेदन, वार्ड 18 हरा मैदान कांट्रेक्टर कालोनी में 12 आवेदन, जोन.2 कार्यालय परिसर में 36 आवेदन, वार्ड 24 सूर्यकुण्ड सामुदायकि भवन हाउसिंग बोर्ड में 34 आवेदन, जोन.3 कार्यालय परिसर में 48 आवेदन, वार्ड 33 संतोषी पारा स्वास्थ्य कार्यालय में 43 आवेदन, जोन.4 कार्यालय परिसर में 21 आवेदन, वार्ड 46 छावनी तालाब के पास सामुदायिक भवन में 15 आवेदन, जोन.5 कार्यालय परिसर में 9 आवेदन इस प्रकार कुल 345 आवेदनों में 255 मांग एवं 90 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसका निर्धारित समय अवधि में निराकरण कर दिया जाएगा।



# गंज मण्डी दुर्ग के पास पाइप लाईन संधारण का कार्य शुरू हो गया है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के शिवनाथ इंटेकवेल में राॅ-वाटर जलशोधन संयंत्र में दुर्ग गंज पारा के सामने पाइप लाईन में लिकेज हो रहा था। जिसका संधारण का कार्य शुरू कर दिया गया है। जलशोधन संयंत्र में 1000 डाया का पाइप बिछा हुआ है। यह सबसे महत्वपूर्ण पाइप लाईन है, इसी के माध्यम से नगर निगम के 77 एम.एल.डी एवं 66 एम.एल.डी जलशोधन संयंत्र में पानी पहुंचाया जाता है। फिर वहां से शुद्विकरण करके पीने योग्य बनाया जाता है। तत्पश्चात निगम क्षेत्र के सभी बड़ी टंकियों को भरा जाता है, वहीं से सभी क्षेत्रों में पानी का वितरण किया जाता है। जब तक जलशोधन संयंत्र भरेगा नहीं तब तक पानी सप्लाई नहीं हो पाएगा। आज सुबह तड़के ही पाइप लाईन के लिए खुदाई शुरू हो गई है, निगम के जल विभाग का पुरा अमला लगा हुआ है। शीध्र से शीध्र कार्य को पूर्ण कराया जाएगा। सभी नागरिको से विनम्र अपील है कि अपने घरों में पानी को स्टोर करके रख लेवें। निगम द्वारा सभी क्षेत्रों में टेंकर से पानी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। क्षेत्र बड़ा है आवश्यकता के अनुसार सभी क्षेत्रों में पानी पहुचाने का भरसक प्रयास किया जाएगा। सर्तकता तौर पर सभी लोग अपने घरों में पानी जरूर बचत करें। आज सुबह जब निगम के अधिकारी भ्रमण कर रहे थे, कृष्णा नगर में शांति बाई साहू को बोलते हुए सबने सुना कि मैं अपने बहु से बार-बार कहती हू, कि पानी को बर्बाद मत किया कर। हम लोग एक-एक गुंडी पानी के लिए तरसते थे, दूर से पानी लाते थे। लाइन लगाते थे तब जाकर पानी मिलता था। अब सबके घर में पानी आ गया है, कोई किमत नहीं समझता। अब निगम का पानी दो दिन नहीं आएगा तब पता चलेगा कि पानी का कितना मूल्य है। ऐसे मुफ्त का पानी समझकर कहीं भी गिराते है, नाली में बहता छोड़ देते है।




## नगर पालिक निगम भिलाई

# एन.डी.आर.एफ का प्रशिक्षण शिविर निगम भिलाई में आयोजित

भिलाईनगर। आज कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह के आदेशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। उददेश्य था कि निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से आए आपदा के समय किस प्रकार से प्रारंभिक बचाव किया जाए। समस्याएं कुछ प्राकृतिक होती है जैसे बाढ़, भूकंप, सुनामी, बिजली चमकना एवं मानव निर्मित समस्या जैसे आगजनी, दुर्घटना, हार्ट टेक, पानी में डूबना, लू लगना इत्यादि ऐसे समय में क्या बचाव किया जाए प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी को हृदय घात के लक्षण दिखे तो सीपीआर कैसे देना चाहिए उन्हे सर्वप्रथम देखना कि गले के नीचे सांस चल रहा है कि नहीं। यदि नहीं चल रहा तो उसे मुंह से सांस देने की प्रक्रिया, किस प्रकार से इंसान को लेटाकर छाती के नीचे हाथों से 30-30 बार दबाना इस प्रकार कुल 5 बार दबाना चाहिए। इसी प्रकार यदि दुर्घटना हो जाए तो कहीं से खून बह रहा है तो उसे साफ कपड़े से डेटाल, साबुन जो भी उपलब्ध हो उससे अंदर से बाहर के तरफ साफ करके कपड़े से दबा देना चाहिए। उससे भी न रूके तो और कपड़ा लगाकर पटटी बांध देना चाहिए। यदि बिजली गिरने की संभावना है तो यह प्रयास करना चाहिए कि पानी, पेड़, विघुत उपकरण, मोबाईल, टीवी इत्यादि से दूर रहना चाहिए। बिजली का उपकरण से सार्ट सर्किट हो तो सर्वप्रथम मेन कनेक्शन से कट आउट निकाल देना चाहिए। भूलकर भी पानी नहीं डालना है और हो सके तो उस पर रेत फेंकर बुझा देना चाहिए। अगर कोई पानी में डूब रहा है तो उसे बचाने के लिए रस्सी, लकड़ी या अन्य उपकरण को उसको पकड़ाकर बचाना चाहिए। सांप, कुत्ते के काटने पर घबराना नहीं चाहिए, लगभग 11 प्रकार के सांपो की प्रजाती होती है उसमें 2 प्रजाती के सांप ही जहरीले होते है, घबराहत से इंसान को ज्यादा नुकसान होता है। झाड़ फूक, बैगा आदि से बचना चाहिए। जहां तक हो सके रोगी को सम्बल प्रदान करना चाहिए। घबराहत से ही जहर फैलता है, जितना जल्दी हो सके उस जगह को बलड सर्कुलेशन को बांध देना चाहिए और डाॅक्टर से संपर्क करना चाहिए। प्रशिक्षण देने वाले राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के एसआई विकास शर्मा, हेड कांस्टेबल के मधुसुदन, आसदीप त्रिपाठी, दीपक डंगडन, कृष्ण कुमार द्वारा प्रदान किया गया। कर्मचारियो से प्रेक्टीकल भी करवाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने कहा यह शिविर सबके लिए उपयोगी है, समाधान शिविर के दौरान नागरिकों के बीच भी यह शिविर करवायेगे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# शिवाजी चौंक मा ॅडल टाउन, अंवती बाई चौंक, जुनवानी पेट्रोल पम्प के चैराहो को व्यवस्थित किया जायेगा

भिलाईनगर। नेहरू नगर जोन-01 अंतर्गत स्थित शिवाजी चौंक माडल टाउन 19 कैफे के पास, कोहका अंवती बाई चौंक पेट्रोल पम्प के पास एवं स्मृति नगर जनुवानी पेट्रोल पम्प के पास पूर्व से निर्मित चौंक पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। अक्सर उस रास्ते से स्कूल बस, कार एवं अन्य छोटी-बड़ी गाड़ियां आते-जाते रहती है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों की मांग है कि उस चौंक को यातायात के नियमो के अनुसार व्यवस्थित किया जाए। निर्मित डिवाइडर का चौंहद्दी बहुत ज्यादा होने के कारण चौंक का अनावश्यक जगह घेर लिया है। जिससे गाड़ियो के मुड़ने में बहुत समस्या होती है और दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है।

आज आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, अभियंताओ को लेकर मौके पर निरीक्षण करने गए। उसी समय पुराने शिव मंदिर मा ॅडल टाउन के सदस्यो ने सुझाव दिया कि मा ॅडल टाउन शिवाजी चौंक स्थित नाली के उपर स्लैब डालकर और चौंड़ा कर दिया जाये। जिससे यातायात सुगम हो जायेगा, बड़ी गाड़ियो को मुड़ने में तकलीफ होता है। अक्सर मोड़ते समय नाली में लोग गिर जाते है, इसलिए हम लोग उसमें सीमेंट का पोल लगा दिए है। उन्होने यह भी कहा कि आने-जाने वाली गाड़ियां कभी-कभी वहां लगी प्रतिमा को छतिग्रस्त भी कर देती है। हम सब आपसी सहमति से साइड में करवा लेगें, जो सबके लिए अच्छा होगा। इसी प्रकार अंवती बाई चौंक का डिवाइडर बहुत लम्बा हो गया है, उसे भी छोटे रूप में व्यवस्थित किया जा सकता है, जिससे आवागमन सुगम हो। जुनवानी पेट्रोल पम्प के पास भी ट्रेंगल सेप में डिवाइडर लम्बा हो गया है, उसे भी व्यवस्थित करने की आवश्यकता है।

आयुक्त ने यातायात विभाग से संपर्क करके यातायात नियमो के अनुसार उसे और सुगम सुविधा जनक बनाने के लिए प्रस्ताव हेतु निर्देशित किए है। इसे शीध्र अतिशीध्र करवा लिया जावे। यह सबके लिए बहुत ही उपयोगी होगा। वहां पर रूककर कुछ देर तक ट्रैफिक व्यवस्था का सब लोगो ने अवलोकन किया कि किस प्रकार से मोड़ते समय आवागमन बाधित हो रहा है। क्या बेहतर विकल्प रहेगा। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता बसंत साहू, चंदन निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।




नगर पालिक निगम भिलाई

# नेहरू नगर मिलेनियम पार्क को और व्यवस्थित किया गया लोगो ने खुशी व्यक्त की

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र नेहरू नगर वेस्ट में स्थित मिलेनियम पार्क को व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा मांग किया जा रहा था। उनके द्वारा मांग किया गया था कि मेरे पार्क को एक बार व्यवस्थित करके दे दिया जाये। इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग लेगें। इसी तारतम्य में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को अधिकृत किए। आज पार्क पुरी तरह से व्यवस्थित कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों द्वारा आज खुशी व्यक्त की गई। कि कम समय में निगम भिलाई द्वारा इस पार्क को अच्छा और बेतहर कर दिया गया है।

हम लोग सुबह-साम यहां टहलते है, हर मंगलवार को सुंदरकांड करते है। महिला लोग बैठकर भजन गाते है। निगम आयुक्त को बुलाकर यह अस्वस्थ्य किए कि अब इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग की होगी, कोई भी बाहरी लड़के-लड़की यहां बैठे मिलेगे, उन्हे हम लोग भगायेगे। किसी को भी पेड़-पत्ते को तोड़ने नहीं देगे, इसकी सफाई का भी ध्यान रखेगे। निगम द्वारा पाईप दिया गया है, उसकी देखरेख हम लोग करेगें। आयुक्त पाण्डेय ने सबको बताया कि शासन की भी योजना है पी.पी.पी. मॉडल से काम किया जाए। नगर निगम भिलाई के संशाधन सीमित है, सबके सहयोग से ही हम पार्को को अच्छा बना सकते है।

आज लोग जैसा चाहते थे, वैसा बन गया। अब आप सबकी जिम्मेदारी होगी इसका देखरेख करने का। स्थानीय लोग शिव नारायण मोदी, अनिल कुमार डागा, कृष्ण कुमार सिंघल, पंचानंद सिंग, नरेश गुप्ता, राधेकृष्ण शारदा, शिवचरण गोयल, राजकुमार भल्ला, के. के. परती, आर. आर.गर्ग, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, निर्मल शर्मा, श्रीमती गीता मोदी, उमा शारदा, उर्मिला सिंघल, शिखा पाठक आदि उपस्थित रहे।



# नेहरू नगर मिलेनियम पार्क को और व्यवस्थित किया गया लोगो ने खुशी व्यक्त की

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र नेहरू नगर वेस्ट में स्थित मिलेनियम पार्क को व्यवस्थित करने के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा मांग किया जा रहा था। उनके द्वारा मांग किया गया था कि मेरे पार्क को एक बार व्यवस्थित करके दे दिया जाये। इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग लेगें। इसी तारतम्य में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को अधिकृत किए। आज पार्क पुरी तरह से व्यवस्थित कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों द्वारा आज खुशी व्यक्त की गई। कि कम समय में निगम भिलाई द्वारा इस पार्क को अच्छा और बेतहर कर दिया गया है। हम लोग सुबह-साम यहां टहलते है, हर मंगलवार को सुंदरकांड करते है। महिला लोग बैठकर भजन गाते है। निगम आयुक्त को बुलाकर यह अस्वस्थ्य किए कि अब इसके देखरेख की जिम्मेदारी हम लोग की होगी, कोई भी बाहरी लड़के-लड़की यहां बैठे मिलेगे, उन्हे हम लोग भगायेगे। किसी को भी पेड़-पत्ते को तोड़ने नहीं देगे, इसकी सफाई का भी ध्यान रखेगे। निगम द्वारा पाईप दिया गया है, उसकी देखरेख हम लोग करेगें। आयुक्त पाण्डेय ने सबको बताया कि शासन की भी योजना है पी.पी.पी. मॉडल से काम किया जाए। नगर निगम भिलाई के संशाधन सीमित है, सबके सहयोग से ही हम पार्को को अच्छा बना सकते है। आज लोग जैसा चाहते थे, वैसा बन गया। अब आप सबकी जिम्मेदारी होगी इसका देखरेख करने का। स्थानीय लोग शिव नारायण मोदी, अनिल कुमार डागा, कृष्ण कुमार सिंघल, पंचानंद सिंग, नरेश गुप्ता, राधेकृष्ण शारदा, शिवचरण गोयल, राजकुमार भल्ला, के. के. परती, आर. आर.गर्ग, सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, निर्मल शर्मा, श्रीमती गीता मोदी, उमा शारदा, उर्मिला सिंघल, शिखा पाठक आदि उपस्थित रहे।



# अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाटरी निकाला गया निगम भिलाई में।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अक्षय तृतीया के अवसर पर लाॅटरी का आयोजन किया गया। जो हितग्राही पहले से आवेदन जमा किए हैं और मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए हैं। उनको आज की लाॅटरी में शामिल किया गया है। जिसमें 27 पात्र हितग्राहियों को आज के शुभ दिन के अवसर पर ड्रा के माध्यम से उनका मकान नंबर उन्हे प्राप्त हो गया है। उन्होने बहुत खुशी व्यक्त किये कि आज के शुभ दिन पर हमें लाॅटरी के माध्यम से हमारा मकान मिल गया। श्रीमती सुनीता बेलदार के आंखो में एक अलग ही प्रशन्नता थी। उन्होने बताया कि आज अक्ति तिहार के दिन हमें ब्लाक क्रं. 16 मकान नंबर 04 मिला, यह हमारे परिवार के लिए बहुत ही शुभ होगा। अब हम परिवार सहित अपने स्वयं के मकान में रहूंगी। हमें अब किराये के मकान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

प्रमुख स्थल एनार स्टेट खम्हरिया के 04 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 04 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 18 मकान एवं माईट स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया के 01 मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्वति के माध्यम से किया गया। जिसमें से 06 हितग्राही परदेशी साय को ब्लाक क्रं. 8 मकान क्रं. 2, बासन नायक को ब्लाक क्रं. 8 मकान क्रं. 1, मंजू जैन को ब्लाक क्रं. 5 मकान क्रं. 2, भागवत प्रसाद ब्लाक क्रं. 5 मकान क्रं. 3, चन्द्रशेखर जनबन्धु को ब्लाक क्रं. 16 मकान क्रं. 2 एवं पी महालक्ष्मी को ब्लाक क्रं. ए2 मकान क्रं. 2 के भूतल का मकान आबंटित किया गया। सभी ने कहा अक्षय तृतीया के दिन हमारा लाटरी निकला है। हम लोग पुरा पैसा जमा करके अपने मकान में जल्द ही रहने जायेगें।




**Editorial Board**

श्री राजीव कुमार पाण्डेय
रा.प्र.से.
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अजय कुमार शुक्ला
प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई